जैकेट के शेष

हरिभूमि-आईएनएच की खबर ....

काफी समय से किया जाता है। पिछले कुछ समय से चांदी के दाम में हुई बढ़ोतरी के बाद इस कारोबार में भी गोरखधंधा शुरू हो गया है।

हरिभूमि ने मिठाइयों को चमकदार बनाने की आड़ में लोगों की सेहत से खिलवाड़ किए जाने वाले कारोबार का खुलासा किया था। इसे संज्ञान में लेते हुए खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने बुधवार को राजधानी के विभिन्न प्रतिष्ठानों में ताबड़तोड़ छापेमारी की है। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने गोलबाजार के न्यू राम कृष्णा एजेंसी से शक्ति ब्रांड सिल्वर लीफ्स और श्री ब्रांड सिल्वर लीफ्स का लीगल नमूना लिया है। इसके साथ ही श्री ब्रांड सिल्वर लीफ्स लीफ्स के 8 पैकेट संदेह के आधार पर जब्त कर लिया है। इसके अलावा जांच टीम ने अन्य प्रतिष्ठानों में पूछताछ के बाद लक्ष्मण दास लक्ष्मण दास सेल्स से अनूप सिल्वर लीफ्स, मेसर्स दीनदास राम दीवान से शाही ब्रांड सिल्वर लीफ्स तथा न्यू राम कृष्णा एजेंसी से शुभ सिल्वर लीफ्स का लीगल नमूना लेकर जांच के लिए खाद्य प्रयोगशाला भेजा है। रायपुर जिले के अमिहित अधिकारी विनोद कुमार गुप्ता ने बताया कि जांच प्रतिवेदन प्राप्त होने के बाद खाद्य सुरक्षा व मानक अधिनियम 2006 की नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

हरिभूमि की जांच में ....

के पास गए। लैब की जांच में पाया गया था कि चांदी की जगह एल्युमिनियम से लीफ्स बनाई जा रही थीं। खबर प्रकाशित होने के बाद खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने बुधवार सुबह से ही छापेमारी शुरू कर दी। सेंपल लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेज दिए गए।

'अर्नब' ने आंध्रप्रदेश-ओडिशा ....

जनजीवन प्रभावित हुआ और राज्य सरकार को 30,000 से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाना पड़ा है जबकि कई जिलों को 'हाई अलर्ट' पर रखा है। आईएमडी के अनुसार, अत्यंत भीषण चक्रवाती तूफान 'अर्नब' मंगलवार देर रात दो बजे से सुबह सुबह आठ बजे के बीच आंध्र प्रदेश और यनम के तटों को पार कर गया और कमजोर होकर भीषण चक्रवाती तूफान में बदल गया। मौसम विभाग ने एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा, 'चक्रवात ने 16.450 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 81.90 डिग्री पूर्वी देशांतर के पास यनम के दक्षिण-पश्चिम में आंध्र प्रदेश और यनम के तटों को पार किया। यह स्थान नरसापुर से लगभग 20 किलोमीटर पूर्व-उत्तर पूर्व, यनम से 40 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम और काकीनाडा से 60 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में है।' तटीय जिलों के कई इलाकों में भारी बारिश हुई और कुछ स्थानों पर 200 मिलीमीटर से अधिक बारिश दर्ज की गई। चक्रवात 'अर्नब' के कारण कई स्थानों पर भारी नुकसान हुआ है। कई पेड़ और बिजली के खंभे उखड़ गए, जिससे कई इलाकों में बिजली आपूर्ति ठप हो गई। मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने अधिकारियों को प्रभावित जिलों में जल्द से जल्द सामान्य स्थिति बहाल करने के निर्देश दिए।

छत्तीसगढ़ समेत इन राज्यों में अलर्ट : मौसम विभाग के अनुसार आंध्र प्रदेश और ओडिशा में भारी से बेहद भारी बारिश, तेज हवाएं और बिजले इलाकों में बाढ़ का खतरा बताया गया है। तेलंगाना और छत्तीसगढ़ में 29 अक्टूबर को भारी बारिश, कुछ इलाकों में बेहद भारी बारिश की आशंका है। पूर्वी मध्य प्रदेश और विदर्भ में बारिश का अनुमान है। झारखंड और बिहार में 28 से 30 अक्टूबर के बीच बारिश और बिहार में 29-30 अक्टूबर को कुछ जगहों पर भारी बारिश की आशंका है। पूर्वी यूपी में 29-30 अक्टूबर को भारी से बेहद भारी बारिश हो सकती है। **कोनारीमा तट के पास फंसा मालवाहक जहाज :** मारिल आइनैड्रस का लिमा पर मालवाहक जहाज इंजन खराब होने के कारण आंध्र प्रदेश में कोनसीमा-काकीनाडा तट के पास रेत्त अंग्रिल फॉल्स के समीप फंस गया है। यह जहाज 27 अक्टूबर की आधी रात के बाद विशाखापट्टनम बंदरगाह से रवाना हुआ था और मंगलवार सुबह के बाद से ट्रैकिंग सिस्टम के दायरे से बाहर है। गांवमीणा के पास जहाज के फंसे होने की सूचना मिली है।

सीएम चंद्रबाबू ने शाह को लिखी चिट्ठी : आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर चक्रवात 'अर्नब' से प्रभावित जिलों में एनडीआरएफ की टीमों की मदद बढ़ाने का अनुरोध किया है। मुख्यमंत्री ने इसके साथ ही केंद्र सरकार से अपील की है कि चक्रवाती तूफान से हुए जान-माल और फसलों के नुकसान का जायजा लेने के लिए केंद्रीय टीमों को जल्द से जल्द आंध्र प्रदेश भेजा जाए, ताकि प्रभावित इलाकों में राहत और पुनर्वास कार्यों को गति मिल सके।

पश्चिम बंगाल में ....

सुबह तक तथा उप-हिमालयी क्षेत्र में शनिवार तक भारी बारिश होने की संभावना है।

रायपुर समेत कई ....

सीमा में संचालित समस्त शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों, महाविद्यालयों तथा संबंधित शैक्षणिक संस्थानों में गुरुवार 29 अक्टूबर को विद्यार्थियों के लिए एकविवसीय अवकाश रहेगा।

आंगनबाड़ी भी बंद : बिलासपुर जिले में भी 29 अक्टूबर को सभी स्कूलों में अवकाश घोषित कर दिया गया है। वहीं कोरिया कलेक्टर रोहितमा यादव ने मौसम विभाग की चेतावनी को देखते हुए 29 अक्टूबर को जिले के सभी स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों में अवकाश रखने के निर्देश जारी किए हैं। अनंब चक्रवात के संभावित प्रभाव से कोरिया, सूरजपुर और एमसीबी जिले में तेज बारिश की आशंका है। वहीं, बारिश से खेतों में पककर तैयार धान की फसल को नुकसान पहुंचने की चिंता भी बढ़ गई है। पेंड्रा, रायगढ़ सहित अन्य जिलों में भी गुरुवार को अवकाश घोषित किया गया है। इसके पहले बस्तर, सुकमा, दंतेवाड़ा, कोंडागांव और कांकेर जिले में बुधवार से ही अवकाश घोषित किया जा चुका है।

अर्नब के असर से ...

रही। जगदलपुर में पिछले 36 घंटों में 15 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई है। दक्षिण बस्तर के सीमावर्ती जिलों बीजापुर, सुकमा, दंतेवाड़ा में भी भारी बारिश देखने को मिली। रायपुर में भी पूरे दिन बारिश होती रही।

3 को राज्योत्सव के .....

तैयारियां तेज कर दी गई हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के अनुसार, राज्योत्सव का शुभारंभ केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया करेंगे, जबकि समापन समारोह में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह शामिल होंगे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बताया कि 1 नवंबर को छत्तीसगढ़ प्रदेश का स्थापना दिवस पर 3 दिन के राज्योत्सव का आयोजन किया जा रहा है। केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया राज्योत्सव का शुभारंभ करेंगे और दो नवंबर को प्रदेश के सभी जिलों में राज्य उत्सव दिवस के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। तीन नवंबर को समापन में देश के गृहमंत्री अमित शाह का आगमन होगा। राज्य स्तरीय समारोह में चयनित व्यक्तियों को राज्य अलंकरण से सम्मानित किया जाएगा।

बाजार से लौट ....

तथा 1 लाख 50 हजार रुपए नकद रखे थे। लूटे गए सामान की वास्तविक मात्रा और कीमत का आकलन जांच के बाद स्पष्ट होगा।

जियो की धमाकेदार ...

हुए मुकेश अंबानी की आंखें में आंसू आ गए। यह समारोह रिलायंस ग्रुप के लिए एक अहम पड़ाव रहा। इस दौरान अनंत और ईशा ने बताया कि जियो ने महज 10 साल में किस तरह अपना कारोबार बढ़ाया और करोड़ों लोगों की जिंदगी का हिस्सा बन गया। जियो प्लेटफॉर्म्स का आईपीओ बीएसई और एनएसई पर 21 फीसदी से कुछ ज्यादा प्रीमियम के साथ 1358 रुपये पर लिस्ट हुआ। इसके साथ ही जियो प्लेटफॉर्म्स रिलायंस इंडस्ट्रीज के बाद देश की दूसरी सबसे मूल्यवान कंपनी बन गई। बीएसई और एनएसई पर शेयर ने 1,358 रुपए पर कारोबार शुरू किया जो निर्गम मूल्य से 21.36 प्रतिशत अधिक है। बीएसई पर कंपनी का शेयर 1,417.35 रुपये पर बंद हुआ जो निर्गम मूल्य से 26.66 प्रतिशत अधिक है। कारोबार के दौरान कंपनी का शेयर 27.23 प्रतिशत चढ़कर दिन के उच्चतम स्तर 1,423.80 रुपये पर पहुंच गया। एनएसई पर शेयर 26.67 प्रतिशत की बढ़त के साथ 1,417.50 रुपए पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 27.24 प्रतिशत चढ़कर 1,423.90 रुपए पर पहुंच गया था। कंपनी का बाजार पूंजीकरण 13 लाख करोड़ रुपए के बाजार पूंजीकरण के साथ देश की सबसे मूल्यवान कंपनी है। जियो प्लेटफॉर्म्स और रिलायंस इंडस्ट्रीज का संयुक्त बाजार पूंजीकरण 28.72 लाख करोड़ रुपए रहा।

ईशा ही हुई सबयुक : रिलायंस रिटेल वेंचर्स की एजीक्यूटिव डायरेक्टर और मुकेश अंबानी की बेटी ईशा अंबानी ने अपने संबोधन में परिवार की एक पुरानी याद साझा की। उन्होंने बताया कि कुछ दिन पहले डिनर के दौरान मुकेश अंबानी 1977 के दिनों को याद कर रहे थे। उस समय उनकी उम्र करीब 20 साल थी और वह रिलायंस के पहले पब्लिक इश्यू पर काम कर रहे थे। ईशा के मुताबिक, उनके दादा धीरूभाई अंबानी ने रिलायंस को आम लोगों तक पहुंचाने का फैसला किया था। अब जियो की लिस्टिंग के साथ कंपनी की अगली पीढ़ी उसी सोच को आगे बढ़ा रही है।

आतंकवाद के जड़ से खात्मे के लिए भारत और अमेरिका ने दोहराई साझा प्रतिबद्धता


फिलीपींस में हुई दोनों देशों के रक्षा मंत्रियों की मुलाकात से निकला यह निष्कर्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) और टैरिफ को लेकर बीते कुछ समय से संबंधों में जारी उतार-चढ़ाव के बीच बुधवार को फिलीपींस के सेबू में भारत, अमेरिका के रक्षा मंत्रियों के बीच एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठक हुई है। जिसमें क्षेत्रीय सुरक्षा की समीक्षा के साथ दोनों पक्षों ने आतंकवाद के अंतरराष्ट्रीय खतरे का समूल नाश करने के लिए संयुक्त रूप से प्रतिबद्धता जताई है। सेबू में दरअसल आसियान के रक्षा मंत्रियों-प्लस (एडीएमएम-प्लस) की बैठक का आयोजन किया जा रहा है। जिसके इतर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ के साथ यह अहम मुलाकात हुई।

आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस जरूरी : रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, भारतीय रक्षा मंत्री ने अमेरिकी के रक्षा मंत्री से बैठक के दौरान दो टूक अंदाज में कहा कि वैश्विक समुदाय को आतंकवादी संगठनों का समर्थन, प्रशिक्षण व वित्त पोषण करने वाले देशों के प्रति शून्य सहिष्णुता का दृष्टिकोण अपनाना चाहिए। सामान्य तौर पर इसे एक समझौता-हीन नजरिए के रूप में भी समझ सकते हैं।



आर्म्ड फोर्सेस ट्रिब्यूनल का बड़ा फैसला

तलाकशुदा बेटी भी होगी पारिवारिक पेंशन की हकदार

नई दिल्ली। आर्म्ड फोर्सेस ट्रिब्यूनल ने पूर्व सैनिकों के परिवारों के हित में बड़ा फैसला सुनाया है। आर्म्ड फोर्सेस ट्रिब्यूनल ने कहा कि दिवंगत पूर्व सैनिक की तलाकशुदा बेटी पारिवारिक पेंशन की हकदार है, बशर्ते तलाक की कानूनी प्रक्रिया माता-पिता के जीवनकाल में ही शुरू हो गई हो। अदालत ने साफ किया कि भले ही तलाक का अंतिम आदेश माता-पिता के निधन के बाद आया हो, लेकिन पारिवारिक पेंशन का अधिकार प्रभावित नहीं होगा। आपको बता दें कि यह पूरा मामला हवलदार राधे श्याम कश्यप की बेटी से जुड़ा है, जिनकी शादी 1999 में हुई थी और बाद में वैवाहिक विवाद के कारण वह अपने माता-पिता पर आश्रित होकर रहने लगी थीं। उनके पति द्वारा 2002 में पहला कानूनी मामला दर्ज किए जाने के बाद से ही विवाद चल रहा था।

पश्चिम मध्य रेल

इंजीनियरिंग निर्माण शाखा

खुली निविदा

मुख्य अभियंता (क्रय)/मुख्य पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर, भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु CPCWCR-13-2026 Dated: 23.10.2026 के द्वारा आगंत्रित करते है। निविदाएँ बन्द होने की तारीख 20/11/2026 एवं समय 15:00 बजे तक है। निविदाकर्ता अपनी मूल/स्केलेबिल निविदा बंद होने के दिनांक एवं समय तक प्रस्तुत कर सकते है। उपरोक्त निविदा में हस्त निविदाएं स्वीकार्य नहीं होगी तथा हस्त निविदाओ को उपेक्षित कर दिया जाएगा। निविदाए पूर्व उल्लेखित समय एवं दिनांक पर खोली जाएगी। **निविदा कमांक CPCWCR-13-2026, कार्य का नाम लोकशन सहित:** इटारसी–बीना धीमी लाइन परिवेशन के संबंध में, स्लीपर – इटारसी खंड में 52.1 संख्या और बिजली लाइनों को स्थानांतरित करने, तथा एंड कैबिन, स्टेशन भवनों फुट ओवर ब्रिज (FOB) और इनसे जुड़े अन्य कार्यों का निर्गम, **निविदा का अनुमानित मूल्य** : रु. 975690453.80, **निविदा फार्म की (कीमत रुपये)** : रु.0.00, **बयाना राशि (रुपये में)** रु.19513900.00, **कार्य समापन अवधि (माह):** 12 माह, **ई–निविदा बंद होने की और खुलने की तिथि एवं समय:** दिनांक 20/11/2026 को 15:00 बजे बंद एवं 15:00 बजे के बाद खोली जाएगी। निविदाकर्ता अपनी निविदाएं आई आई.पी.एस. के माध्यम से https://www.ireps.gov.in पर ऑन लाइन निविदा करें। निविदाकर्ताओं से अनुरोध है, कि वे समय – समय पर अद्यतन व शुद्धि पत्रों हेतु IREPS की वेबसाइट https://www.ireps.gov.in देखते रहें। न्यूनतम पात्रता मानदंड टेन्डर फार्म के अनुसार इन निविदाओं के लिए लागू होगा। (हस्ता.)

उप–मुख्य इंजीनियर (क्रय)
पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

कार्यालय नगर पालिक निगम बिलासपुर (छ.ग.)

प्रथम ई–प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना

क्र.27/न.पा.नि./PMAY/2026-27 दिनांक 28/10/2026

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत ''डी'' व प्रवर श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है:–

सिस्टम टेंडर नं.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (रु. लाख में)	निविदा डाउनलोड/ सबमिट करने की अंतिम तिथि
202832	नगर पालिक निगम बिलासपुर अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर स्थित IHSDP एवं समान आवास परिसरों में आवश्यकतानुसार मरम्मत एवं संधारण कार्य।	50.00	18 / 11 / 2026

उपरोक्त निर्माण कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, वित्तुत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई–प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यालयन अभियंता

Green City, Clean City, Dream City. नगर पालिक निगम बिलासपुर (छ.ग.)

MUNICIPAL CORPORATION DHAMTARI (C.G.)
OFFICE OF THE MUNICIPAL CORPORATION, DHAMTARI

e-Procurement Tender Notice
Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in

NIT No:- /NPP/2026/1425 Dhamtari Dated : 14/10/2026

On behalf of Urban Administration & Development Department, online tenders are invited by Commissioner, Nagar Palik Nigam, Dhamtari on Form "A"(Percentage Rate) from Eligible Class registered contractors in "unified Registration system e-Registration" in PWD Chhattisgarh Govt. of C.G. E-Procurement System (http://eproc.cgstate.gov.in)

SN	System Tender No.	Name of Work/Description of Work	Probable Amount of Contract
1	201469	MAIN D.I. PIPELINE LAYING & SHIPTING WORK IN RUDRI ROAD FROM AMBEDKAR CHOWK TO KARMA CHOWK TO RUDRI CHOWCK AT DHAMTARI	547.30

The Details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal http://eproc.cgstate.gov.in Date 14/10/2026, Time 5.30 PM Hours. (IST) on wards. & Last date for Online Bid Submission 05/11/2026 5.30 at PM Hours.

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal.

Commissioner
Nagar Palik Nigam, Dhamtari
District-Dhamtari [C.G.]

सतर्कता जागरूकता सप्ताह
26 अक्टूबर से 1 नवम्बर 2026

"सत्यनिष्ठा से समृद्धि"

➤ ग्राहकों से अपील ◄

- कृपया उचित शुल्क से अधिक किसी भी रकम का भुगतान न करें।
- कृपया आपके द्वारा किए गए भुगतान के बदले में रसीद/टिकट की माँग करें।
- रेलवे के किसी भी कर्मचारी द्वारा रिश्वत की माँग किये जाने अथवा भ्रष्टाचार में लिप्त पाये जाने पर कृपया अपनी शिकायत वरिष्ठ उप महाप्रबंधक (SDGM), पूर्व तट रेलवे, चन्द्रशेखरपुर, भुवनेश्वर-751017, दूरभाष संख्या: 0674-2300230, फैक्स संख्या : 0674-2301328 तथा ई-मेल आईडी: sdgm@ecor.railnet.gov.in पर भेजें।
- कृपया शिकायत पर हस्ताक्षर करें एवं पूरे पते का उल्लेख करें। ई-मेल शिकायत में पूरे डाक पते के साथ एक हस्ताक्षरित प्रतिलिपि संलग्न होना अनिवार्य है।
- अगर आप अपना नाम गुप्त रखना चाहते हैं, तो कृपया इसका उल्लेख अपनी शिकायत में करें तथा एक मुहरबंद/सुरक्षित लिफाफे में अपनी शिकायत सचिव, केन्द्रीय सतर्कता आयोग, सतर्कता भवन, ब्लॉक-ए, जीपीओ कॉम्प्लेक्स, आईएनए, नई दिल्ली-110023 को संबोधित कर भेजें। लिफाफे के आवरण पर "लोकहित प्रकटीकरण और मुखबिर संरक्षण के अधीन शिकायत" अथवा "PIDPI" लिखा होना चाहिए।
- अगर आपके पास रेलवे में भ्रष्टाचार के बारे में कोई शिकायत है, तो आप सतर्कता हेल्पलाइन सं.: 8455885031 पर फोन कर सूचना दे सकते हैं।

सतर्कता हेल्पलाइन सं. 8455885031

पूर्व तट रेलवे
www.eastcoastrail.indianrailways.gov.in

PR/068/25-27

पेज एक के शेष

कैसे मिलेंगी सुविधाएं...

करते दिख रहे हैं। स्वीकृति प्रक्रिया में बदलाव की तैयारी: समीक्षा बैठक में खतया गया कि आधोसंरचना मद के तहत तीन वित्तीय वर्षों में 13,057 कार्य स्वीकृत किए गए हैं, लेकिन इनकी औसत लागत काफी कम है। इतनी बड़ी संख्या में छोटे-छोटे कार्यों की स्वीकृति राज्य स्तर से दिए जाने के कारण देरी होती है और उनकी निगरानी करना भी मुश्किल होता है।

लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ ...

बचाओ, अराजकता हटाओ' रैली का नेतृत्व किया। यह रैली जैन लाल मंदिर से टाउन हॉल चौक तक निकाली गई। नवीन ने पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा, मतदाता सूची की सफाई करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान से कांग्रेस के नेता परेशान हैं, लेकिन भाजपा यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि घुसपैठियों के नाम मतदाता सूची से हटाए जाएं।

नए सिरे से अब तय होगी मेडिकल ...

करते हुए प्रवेश एवं फीस विनियामक समिति को नए सिरे से शुल्क निर्धारण करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने साफ कहा है कि कालेजों के खर्च और विद्यार्थियों की वास्तविक संख्या सहित संबंधित वित्तीय दस्तावेजों पर विचार करने के बाद ही शुल्क तय किया जाए। नई प्रक्रिया में दोनों संस्थानों को सुनवाई का प्रभावी अवसर देना होगा। रायपुर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज और श्रीबालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस ने प्रवेश एवं फीस विनियामक समिति की 3 अप्रैल 2025 की अनुशंसा तथा राज्य शासन के 18 सितंबर 2025 और आयुक्त चिकित्सा शिक्षा के 23 सितंबर 2025 के आदेशों को चुनौती दी थी। इन आदेशों के जरिए दोनों संस्थानों के हास्टल, मेस और परिवहन शुल्क में कटौती की गई थी और स्टूडेंट्स से वसूले गए अतिरिक्त राशि को लौटाने का निर्देश जारी किया था। श्रीबालाजी मेडिकल कालेज ने पूरे विद्यार्थी प्रतिवर्ष हास्टल और मेस के लिए तीन लाख रुपए तथा परिवहन के लिए ढाई लाख रुपए शुल्क प्रस्तावित किया था। समिति ने इन्हें घटाकर क्रमशः 78,059 रुपए और 13,719 रुपए कर दिया था। **हाईकोर्ट ने कही यह बातः** हाईकोर्ट ने कहा कि नियामक समिति को सुनाफाखोरी और निधिरित सीमा से अधिक शुल्क वसूली रोकने का अधिकार है। लेकिन उसे संस्थानों द्वारा प्रस्तुत प्रासंगिक वित्तीय दस्तावेजों पर भी विचार करना होगा। केवल सुनवाई का अवसर देना पर्याप्त नहीं है, प्रस्तुत सामग्री का वास्तविक और निष्पक्ष आकलन भी जरूरी है। कोर्ट ने माना कि समिति की अनुशंसा में वास्तविक खर्च, हास्टल में निझार्यियों की संख्या और अलग-अलग मदों के व्यय पर उचित विचार किए जाने का स्पष्ट आधार नहीं दिखता।

विधानसभा चुनाव से पहले तबादले के आदेश जारी

नई दिल्ली। निर्वाचन आयोग ने 2027 में विधानसभा चुनाव की तैयारी के तहत पांच राज्यों गोवा, मणिपुर, पंजाब, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में चुनाव से जुड़े अधिकारियों के तबादले के निर्देश दिए हैं। आयोग ने संकेत दिया है कि इन पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव अगले साल की शुरुआत में हो सकते हैं। इन राज्यों की विधानसभा की कार्यकाल मार्च से मई 2027 के बीच समाप्त हो रहा है।

pnb Housing पंजाब नेशनल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

सीआईएन: एल65922डीएल1988पीएलसी033856 | वेबसाइट: www.pnbhousing.com

सेल्फ रिएलाइजेशन ऑफ मूल्य फॉर अमाउंट अप टू रु. 5 लाख (मूल ऋण के अलावा ब्याज और लागत)

कब्जा सूचना (अचल संपत्ति के लिए)

जबकि, नीचे वर्णित ऋण खाते के उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता ने पंजाब नेशनल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में पंजाब हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड) के अधिकृत प्राधिकारी के रूप में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मांग सूचना जारी की थी, जिसमें उक्त सूचना में उल्लिखित राशि का भुगतान सूचना की तारीख से 60 दिनों के भीतर करने को कहा गया था। उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता द्वारा राशि का भुगतान करने में विफल रहने के कारण, विशेष रूप से उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता और आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा प्रतिभूत लेनदार के अधिकृत प्राधिकारी द्वारा 29 अक्टूबर 2026 को किया गया है।

ऋण खाता नं. / उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता के नाम	मांग की गई राशि और दिनांक	संपत्ति की प्रकृति (दी)	विवरण रखी गई संपत्तियों का विवरण (डी)	आरक्षित मूल्य (आरपी) (रु)	ईएमडी राशि (ईपी) (रु)	बोली वृद्धि का अंतर (बीआई) (रु)	निरीक्षण की तिथि व समय (आई)	दोनों की तिथि और समय (ई)	ऑनलाइन नीलामी का लिंक
एचएलएपी00000322/0514177, एचएलएपी00000322/0514177, एचएलएपी00000322/0514177,